बिहार संग्रहालय, पटना
कला एवं संस्कृति विभाग
कार्यालय आदेश

पटना दिनांकः– 08.. अप्रैल, 2026

संचिका संख्या–बि०सं० / शोधवर्क प्रकाशन / 214 / 2022/07.... बिहार संग्रहालय के पुस्तकालय में अध्ययन हेतु आने वाले भिन्न–भिन्न श्रेणी के छात्र–छात्राओं / शोधार्थियों हेतु कार्यालय आदेश संख्या–05 ज्ञापांक–272 दिनांक–23 अगस्त, 2024 द्वारा विशेष पास का प्रावधान किया गया, जिसमें छह माह के लिए 3,000/- (तीन हजार रूपये) एवं 12 माह के लिए 5,000/- (पाँच हजार रूपये) का दर निर्धारित किया गया। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सिर्फ पुरातत्व, इतिहास, संग्रहालय विज्ञान, लोक कला, साहित्य एवं समकालीन कला से जुड़े स्नातक उत्तीर्ण कलाकारों / विद्यार्थियों / पुरातत्वविदों / शोधार्थियों हेतु पुस्तकालय के सदस्य के रूप में विशेष पास निर्गत किया जायेगा। दर पूर्ववत रहेगा। विशेष परिस्थिति में किसी अन्य श्रेणी के व्यक्ति को सदस्यता दिये जाने की अनुमति महानिदेशक, बिहार संग्रहालय के अनुमोदनोपरान्त दी जा सकती है।

2. प्रस्ताव पर महानिदेशक, बिहार संग्रहालय का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
(अशोक कुमार सिन्हा)
अपर निदेशक,
बिहार संग्रहालय, पटना
पटना,दिनांकः–.08.अप्रैल, 2026

ज्ञापांकः– ..117.....
प्रतिलिपि–सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी, बिहार संग्रहालय को सूचनार्थ प्रेषित।

Sinha 7.4.2026
अपर निदेशक,
बिहार संग्रहालय, पटना